केंद्रीय रेल विद्युतीकरण संगठन
मुख्यालय कार्यालय, प्रयागराज
जनसम्पर्क विभाग

दिनांक 25/11/2024

प्रेस विज्ञप्ति

केन्द्रीय रेल विद्युतीकरण संगठन में क्षेत्रीय राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक का आयोजन

केन्द्रीय रेल विद्युतीकरण संगठन,प्रयागराज में महाप्रबंधक श्री उपेन्द्र चन्द्र जोशी की अध्यक्षता में दिनांक 25.11.2024 को क्षेत्रीय राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक आयोजित की गई।

महाप्रबंधक ने अपने अध्यक्षीय संबोधन में कहा कि संगठन में दिन-प्रतिदिन के सरकारी कामकाज में निर्धारित लक्ष्यों के अनुसार हिंदी का प्रयोग सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि राजभाषा नीति के कार्यान्वयन में अनदेखी न हो, यह सुनिश्चित करना हम सबका दायित्व है। इसलिए मैं आप सबसे आग्रह करता हूं कि आप अपने-अपने कार्यालयों में राजभाषा नीति को प्रभावी तरीके से लागू करते हुए अपने संवैधानिक उत्तरदायित्व का निर्वाह ठीक तरह से करें। उन्होंने कहा कि कोर, प्रयागराज में स्थित है जो कि हिंदी का गढ़ है। यहां सभी अधिकारी/कर्मचारी हिंदी जानते हैं। अत: यहां के लोगों को हिंदी में काम करने में कोई कठिनाई नहीं है। इसलिए राजभाषा अधिनियम के प्रावधानों के अनुपालन के लिए सभी अधिकारियों और कर्मचारियों से अपेक्षा की जाती है कि वे अपने दैनिक सरकारी कामकाज में हिंदी का अधिकाधिक प्रयोग करें। जिससे वार्षिक कार्यक्रम के निर्धारित लक्ष्यों को पूरा करते हुए संगठन हिंदी प्रयोग के शिखर पर पहुंचे। मेरा आग्रह है कि आप सभी फाइलों तथा पत्राचार में हिंदी का अधिक से अधिक प्रयोग बढ़ाएं।

इससे पहले मुख्य राजभाषा अधिकारी श्री यतेन्द्र कुमार ने अध्यक्ष (महाप्रबंधक) सहित सभी उपस्थित अधिकारियों का स्वागत करते हुए कहा कि हमारे संगठन में राजभाषा का काफी प्रयोग हो रहा है। उन्होंने कहा कि वर्तमान युग में कोई भी भाषा वैज्ञानिक, सूचना प्रौद्योगिकी तथा तकनीकी विषयों से जुड़े बिना पनप नहीं सकती है। इसलिए कंप्यूटर, ई-मेल तथा वेबसाइट में हिंदी का अधिक से अधिक प्रयोग बढ़ाने की आवश्यकता है।

इस अवसर पर महाप्रबंधक महोदय ने राजभाषा विभाग द्वारा प्रकाशित हिंदी पत्रिका विद्युत वीथिका का विमोचन किया और कहा कि राजभाषा पत्रिका के प्रकाशन से निश्चित रूप से संगठन में हिंदी का प्रयोग-प्रसार बढ़ेगा ।

बैठक में मुख्यालय के विभागाध्यक्ष श्री वी.के.गर्ग, वरिष्ठ उपमहाप्रबंधक, श्री आर.एन.सिंह,प्रमुख मुख्य सिगनल एवं दूर संचार इंजीनियर, श्री एस.पी.द्विवेदी, प्रमुख मुख्य सामग्री प्रबंधक, श्री उपेन्द्र कुमार, मुख्य बिजली इंजीनियर (कार्य) तथा कोर मुख्यालय के सभी विभागों के संपर्क अधिकारी (राजभाषा) एवं नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति के प्रतिनिधि के रूप में श्री मकरध्वज मौर्य, वरिष्ठ अनुवाद अधिकारी भी शामिल हुए । बैठक का संचालन एवं धन्यवाद ज्ञापन उप मुख्य राजभाषा अधिकारी श्री कल्याण सिंह ने किया।

(कल्याण सिंह)
मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी
कोर/प्रयागराज